p>

Title: Demand to remove the scenes from the movie 'Panipat' that shows the character of Maharaja Surajmal in wrong way.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर) : सभापित महोदय, मैं सदन के माध्यम से एक गंभीर विषय को सरकार की जानकारी में लाना चाहती हूं । मैं पानीपत फिल्म में वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल जी के शौर्य को क्षति पहुंचाने हेतु कुत्सित प्रयास का जबरदस्त विरोध करती हूं । यह हमारी आन-बान-शान व इतिहास से छेड़छाड़ का विषय है, जो बर्दाश्त योग्य नहीं है । पानीपत फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ करते हुए भरतपुर के महाराजा सूरजमल जी के महान पुरुष का चित्रण बेहद ही गलत तरीके से दिखाया गया है, जो कि काफी निंदनीय है । इसका भरतपुर एवं पूरे देश में काफी विरोध हो रहा है और इस फिल्म पर बैन लगाने के लिए आंदोलन छिड़ गया है । कोई अनहोनी घटना न घट सके, इसके लिए मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करती हूं कि इस फिल्म को न चलने दिया जाए । अगर फिल्म को चलाया जाए, तो इस फिल्म में दर्शाए गए गलत तथ्यों को निकाल दिया जाए ।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shrimati Ranjeeta Koli.